## महत्वपूर्ण एवं खास



### उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने शहीद स्व. नंदकुमार पटेल की जयंती पर उन्हें किया नमन

**रायगढ़।** उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने अपने पिता एवं पूर्व गृहमंत्री शहीद स्व.श्री नंदकुमार पटेल को उनकी जयंती के अवसर पर नंदेली स्थित 'शांति बगिया' समाधि स्थल में नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों व स्थानीय निवासियों ने भी उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### बाइक सवार दो युवक खड़े ट्रक से टकराएं, मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** तेंदुआ रोड में बाइक सवार दो युवक खड़ी ट्रक से जा टकराएं। जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौके में पहुंची कबीरनगर पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार सोनडोंगरी निवासी मृतक प्रीतम यादव 26 वर्ष और धरम यादव 24 वर्ष बाइक क्रमांक सीजी 04 एमडब्ल्यू 6839 से कहीं जा रहे थे तभी तेंदुआ रोड में खड़ी ट्रक क्रमांक सीजी 04 एलजेड 8897 से जा टकराएं। इस हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रक जब्त कर चालक को हिरासत में लिया है।

### बस की टक्कर से बाइक सवार किशोर की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** भाठागांव बस स्टेण्ड के पास यात्री बस ने बाइक सवार किशोर को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने बस चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक नितेश माखिजा 15 वर्ष प्रोफेसर कालोनी का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी भाठागांव बस स्टेण्ड गेट नंबर 3 के सामने नेशनल हाइवे पर बस क्रमांक सीजी 19 एफ 7020 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार किशोर की मौत हो गई। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं बस जब्त कर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### छग में हवाओं का रुख बदल रहा, आने वाले दिनों में बढ़ेगी ठंड

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश के मौसम में उतार-चढ़ाव जारी है। इस बीच उत्तर भारत में बर्फवारी और दक्षिण में बारिश जारी है. मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है. इसका असर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में दिख रहा है. नए सिस्टम के कारण अगले कुछ दिनों में मध्य प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में बारिश की आशंका है. वहीं छत्तीसगढ़ में 10 नवंबर के बाद ठंड में इजाफे की उम्मीद जताई जा रही है. मौसम विभाग ने इस संबंध में पहले से ही अलर्ट कर दिया था. छत्तीसगढ़ में ठंड के कम होने का करण हवाओं का बदला हुआ रुख हैं. उम्मीद जताई जा रही है कि अगले दो से तीन दिनों में मौसम में थोड़ा बदलाव हो सकता है. मौसम वैज्ञानिकों ने की मानें तो 10 नवंबर के बाद ठंड बढऩे की संभावना है. बारिश की बात करें तो फिलहाल बादल साफ हैं. इस कारण प्रदेश में बारिश की उम्मीद तो नहीं है, लेकिन बस्तर में पश्चिमी विक्षोभ और साउथ-वेस्ट मानसून के कारण रिमझिम बदरी हो सकती है।

# अनियंत्रित होकर पलटी वासुदेव बस, चपेट में आने से तीन बाइकसवार युवकों की मौत

- दुघर्टना कारित बस चालक को पुलिस ने लिया हिरासत में, हदसे के बाद था फरार
- 2 घायलों का मेडिकल कॉलेज व 3 का सीएचसी घरघोड़ा में हो रहा उपचार
- 24 लोगों को प्राथमिक उपचार के पश्चात अस्पताल से मिली छुट्टी



**रायगढ़।** रायगढ़ से जशपुर जाने निकली वासुदेव बस क्रमांक CG 13 D 7500 दोपहर करीब 12.00 बजे पूंजीपथरा के आगे ग्राम सामारूमा मेन रोड़ जंगल में बाइक में सवार तीन लड़कों को ठोंकर मारकर अनियंत्रित होकर पलट गई। मौके पर बाइक में सवार दो किशोर लड़के फौत हो गये। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा, थाना प्रभारी घरघोड़ा एवं पूंजीपथरा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस बल द्वारा ग्रामीणों के साथ मिलकर घायलों को उपचार के लिए तत्काल घरघोड़ा हॉस्पिटल भेजने की व्यवस्था किया गया। घरघोड़ा अस्पताल से गंभीर घायलों को बेहतर उपचार के लिये जिंदल ट्रामा सेंटर व जिला अस्पताल रायगढ़ रिफर किया गया जिसमें गंभीर रूप से घायल प्रकाश मांझी के अस्पताल में फौत की जानकारी मिली है। घटना के बाद मौके से फरार वासुदेव बस के चालक को पूंजीपथरा पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया है। मृतक के पिता के रिपोर्ट पर वाहन चालक पर धारा 304-A आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

दुर्घटना के मृतक मनोज राठिया के पिता इंदल कुमार राठिया उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम जमडबरी थाना पूंजीपथरा में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि कल दिनांक 07/11/2022 को इसका लडका मनोज राठिया (20 साल) इसके मोटर सायकल से अपने साथी दुर्गेश राठिया पिता धन सिंह राठिया उम्र 16 साल और प्रकाश मांझी पिता छबिराम मांझी उम्र करीब 18 वर्ष सभी निवासी ग्राम जमडबरी के साथ ग्राम भेण्ड्रा में कार्तिकेश्वर गणेश पूजा मेला देखने गया था। तीनों दिनांक 08/11/2022 को ग्राम भेण्ड्रा से मेला देखकर मोटर सायकल HERO HF DELUXE CG 13 AH 9710 से वापस ग्राम जमडबरी आ रहे थे कि ग्राम सामारूमा के जंगल में मेन रोड में रायगढ तरफ से आ रही वासुदेव बस क्रमांक CG 13 D 7500 का चालक मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे मनोज कुमार राठिया एवं दुर्गेश राठिया की मृत्यु हो गई है। एम्बुलेंस से उन्हें सीएचसी तमनार लिया गया तथा प्रकाश मांझी को गंभीर चोट लगने से रायगढ जिला अस्पताल भेजा गया है, जहां घायल प्रकाश मांझी ने दम तोड़ दिया। बस में सवार करीब 18 यात्रियों को चोटे हैं। बस के फरार चालक गोपाल राम पिता साधुराम उम्र 55 साल निवासी डीपाटोली थाना कुनकुरी, जिला जशपुरनगर को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

एसडीएम घरघोड़ा रोहित सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटना में बाईक सवार तीन व्यक्तियों की दु:खद मृत्यु हो गई है। टक्कर के बाद बस भी पलट गई। प्रशासन और पुलिस की मदद से घायलों को तत्काल 112 के माध्यम से घरघोड़ा अस्पताल लाया गया। घरघोड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कुल 29 आहतों को उपचार हेतु भर्ती किया गया। जिसमें से दो व्यक्तियों को रायगढ़ मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया एवं 3 व्यक्तियों का उपचार घरघोड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। शेष 24 व्यक्तियों को सामान्य उपचार के पश्चात अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। शासन द्वारा मृतक के परिजनों एवं घायलों को दी जाने वाली तात्कालिक सहायता राशि के लिए कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। शासन-प्रशासन द्वारा घायलों के उपचार के लिए पूरा सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

## कोतवाली पुलिस के हाथ आया 15 साल से फरार स्थाई वारंटी

- रायगढ़ से फरार होकर ओडिशा में छिपकर रहता था आरोंपी



**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा तथा सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर लगाकर एवं पेट्रोलिंग, रात्रि गस्त दौरान फरार आरोपियों एवं वारंटियों के संबंध में जानकारी लेकर वैधानिक कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में सुबह थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे को उनके लगाये मुखबिर से सूचना मिली कि राजापारा का रहने वाला वारंटी सीताराम माली पिता भूपदेव माली उम्र करीब 50 वर्ष अपने घर आया हुआ है। थाना प्रभारी द्वारा तत्काल थाने से प्रधान आरक्षक संजय तिवारी के हमराह आरक्षक हरक्यूलिस लकड़ा, संदीप भगत को वारंटी पतासाजी, गिरफ्तारी के लिए रवाना किया गया। कोतवाली के प्रधान आरक्षक संजय तिवारी व स्टाफ वारंटी के घर पहुंचे तो पता चला कि सीताराम माली कुछ देर पहले ही ओडिशा के लिये निकाला है जिसकी कोतवाली पुलिस द्वारा पतासाजी कर चांदनी चौक पर एक होटल के पास पकड़े। उसके मोहल्लेवालों से उसकी पहचान कर वारंटी को थाने लेकर आये। वारंटी सीताराम माली के परिजनों को उसकी गिरफ्तारी की सूचना देकर आज दोपहर न्यायालय पेश किया गया है। वारंटी बताया कि 2007 में मारपीट मामले में उसे कोतवाली पुलिस चालान की थी, एक-दो बार पेशी में जाने के बाद वह ऑडिसा चला गया और वहीं कमाता खाता था और कभी-कभी लुकछिप कर रायगढ़ अपने घरवालों से मिलने आता था। घरवालों और जान परिचित को भी उड़ीसा में रहने की जानकारी नहीं दिया था।

## प्रयागराज में अस्थी विसर्जन कर लौट रहे छत्तीसगढ़ के कारोबारी सहित तीन की हादसे में मौत

- खड़ी ट्रेलर से जा भिड़ी थी कार



**बिलासपुर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में भाई की अस्थियों का विसर्जन कर लौट रहे बिलासपुर के कारोबारी सहित तीन की सडक़ हादसे में मौत हो गई। हादसा प्रयागराज-वाराणसी हाइवे पर हंडिया के पास हुआ। हादसे में कारोबारी के साथ उसके चचेरे भाई व पुजारी की मौत हो गई। वहीं कार चालक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर कोटा निवासी संजय गुप्ता उर्फ अप्पू (45) के बड़े भाई संदीप गुप्ता की पांच दिन पहले मौत हो गई थी। उनका अंतिम संस्कार करने के बाद कारोबारी संजय गुप्ता अपने भाई की अस्थियां लेकर विसर्जन करने प्रयागराज गए थे। संजय के साथ उनका चचेरा भाई सौरभ गुप्ता (35), चकरभाठा निवासी पुरोहित श्याम दीक्षित (40) चालक हरेंद्र गंधर्व भी थे। कार चालक हरेंद्र रवाना हुए। रविवार की सुबह प्रयागराज की गंगा में अस्थि विसर्जन किया।

अस्थि विसर्जन के बाद रविवार शाम को सभी कार वापस लौट रहे थे। प्रयागराज से करीब 40 किलोमीटर दूर प्रयागराज-वाराणसी हाईवे पर हंडिया के पास उनकी तेज रफ्तार कार सडक़ किनारे खड़ी ट्रेलर से जा टकराई। हादसा इतना भयानक था कि उनकी कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में इस दौरान श्याम दीक्षित की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं संजय गुप्ता, सौरभ गुप्ता और ड्राइवर हरेंद्र को गंभीर हालत में प्रयागराज स्थित एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान सौरभ गुप्ता व संजय गुप्ता ने भी दम तोड़ दिया। हादसे की जानकारी मिलने के बाद परिजन प्रयागराज पहुंचे और पोस्टमार्टम के बाद शवों को बिलासपुर लाया गया जहां सभी का अंतिम संस्कार होगा।

## जिला स्तरीय कला उत्सव में अपनी शानदार प्रस्तुति से जिले के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कला विधाओं में बिखेरे जलवे

**रायगढ़।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला स्तरीय कला उत्सव 2022-23 का भव्य व सफल आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ बी.बाखला व डीएमसी नरेन्द्र चौधरी के निर्देशन व कला उत्सव जिला नोडल अधिकारी आलोक स्वर्णकार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिसमें जिले के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कला विधाओं में शानदार प्रस्तुति देते हुए अपने जलवे बिखेरे। उक्त जिला स्तरीय कला उत्सव 2022-23 का सफल व भव्य आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायगढ़ में सम्पन्न हुआ। जिसमें जिले के सभी 9 विकास खंडों से प्रत्येक विधा में चयनित प्रथम स्थान प्राप्त एक-एक छात्र-छात्राओं ने अपनी शानदार प्रस्तुति देते हुए प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता दर्ज की।



उल्लेखनीय है कि उक्त जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में शामिल प्रत्येक विधा में चयनित एक छात्र एवं एक छात्राएं जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए आगामी राज्य स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में शामिल होंगे। विदित हो किए 2022-23 हेतु कला उत्सव का आयोजन ऑफलाइन/फेस टू-फेस मोड में किया गया था, जो पारंपरिक लोक कलाओं एवं शास्त्रीय कलाओं की विभिन्न शैलियों पर केंद्रित था। प्रतियोगिता में 10 कलाओं को सम्मिलित किया गया था। जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता के उक्त आयोजन में शामिल विभिन्न कला विधाओं यथा-संगीत (गायन)-शास्त्रीय संगीत, पारंपरिक लोक संगीत, संगीत (वादन)-अवनबद्ध वाद्य, स्वर वाद्य, शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, दृश्य कला (द्विआयामी), (त्रिआयामी), स्थानीय खिलौने एवं खेल तथा नाटक (एकल अभिनय) आदि में जिले के छात्र-छात्राओं ने अपनी शानदार प्रस्तुति देते हुए विभिन्न कला विधाओं में अपने जलवे बिखेरे।

जिला स्तरीय कला उत्सव 2022-23 के उक्त आयोजन में मुख्य रूप से जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ बी.बाखला, डीएमसी समग्र शिक्षा रायगढ़ नरेंद्र चौधरी, डीपीओ रायगढ़ एस.के.वर्मा, एडीपीओ रायगढ़ जे.के. राठौर,एपीओ समग्र शिक्षा रायगढ़ भुनेश्वर पटेल, एबीईओ रायगढ़ संजय पटेल एवं कला उत्सव 2022-23 के जिला नोडल अधिकारी आलोक स्वर्णकार, जिले के प्रसिद्ध चित्रकार मनोज श्रीवास्तव, प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायगढ़ विजय तिर्की, व्याख्याता रविंद्र तिवारी, पुष्पेंद्र राठौर, अश्वनी पटेल, भोजराम पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। जिला स्तरीय कला उत्सव आयोजन में मंच संचालन अनिल गुप्ता व्याख्याता के द्वारा किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी बाखला ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कला उत्सव का आयोजन बच्चों में अंतर्निहित गुणों को प्रदर्शित करने का एक उचित प्लेटफार्म है तथा उन्होंने बच्चों को इस दिशा में समर्पित प्रयास हेतु प्रेरित किया। वहीं कला उत्सव के जिला नोडल अधिकारी आलोक स्वर्णकार ने कला उत्सव आयोजन को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों में कला का विद्यमान होना ईश्वर का एक विशेष आशीर्वाद है। आयोजन स्थल संस्था के प्राचार्य विजय तिर्की ने सभी चयनित बच्चों का अभिनंदन करते हुए उन्हें यथा संभव सुविधाएं प्रदान करने हेतु आश्वस्त किया। एडीपीओ राठौर ने कला उत्सव के दिशा-निर्देशों से बच्चों को अवगत करा कर इनके पूर्ण पालन करने हेतु सभी को निर्देशित किया।

## नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी जेल दाखिल



**कोरबा (आरएनएस)।** कोतवाली पुलिस ने आखिरकार दुष्कर्म के मामले में 376,2 और पास्को एक्ट की कार्रवाई की। पुरानी बस्ती के रहने वाले 57 वर्षीय आरोपी सरफराज खान उर्फ राजू पिता अब्दुल्ला खान को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया गया। इससे पहले उसे एक बार पूछताछ के बाद यूं ही चलता कर दिया गया था। जिस पर लोगों ने ऐतराज जताया।

जानकारी के मुताबिक आरोपी के द्वारा पुरानी बस्ती क्षेत्र में रहने वाली एक बालिका से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। बहला-फुसलाकर उसने अनाचार किया। पीड़िता ने इस बारे में अपने परिजनों को अवगत कराया। जिस पर अगली कार्रवाई की गई। बताया गया कि आरोपी को कुछ घंटे बाद टीआई रूपक शर्मा और एसआई प्रेमनाथ बघेल व स्टाफ ने दबोचा। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल का रास्ता दिखाया गया। कहा जा रहा है कि महिलाओं व बच्चों के विरूद्ध अपराध में तुरंत कार्रवाई की जा रही है। उपरोक्त कार्यवाही में नगर निरीक्षक रूपक शर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक प्रेमनाथ बघेल, प्रधान आरक्षक सुनीता डहरिया, आरक्षक अरुण तिर्की, आरक्षक नवरतन सिदार एवं दिनेश श्याम की सक्रिय भूमिका रही।

## जिले में अब तक 1288.80 क्विंटल धान की हुई खरीदी, आगामी दिनों में फसल कटाई से बढ़ेगी आवक

**रायगढ़।** खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन सहकारी समितियों में किया जा रहा है। इस वर्ष राज्य शासन द्वारा किसानों को राहत देने के उद्देश्य से 01 नवंबर से ही धान खरीदी प्रारंभ कर दिया गया है। धान खरीदी के 7 वे दिन जिले में 1288.80 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। जिले के 7 ब्लाकों में 95 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान खरीदी की जा रही है। यहां किसानों के लिए पेयजल और बैठने की सुविधा उपार्जन केंद्रो में की गई है। शासन द्वारा इस वर्ष किसानों की सुविधा के लिए 'टोकन तुंहर हाथ' एप तैयार किया गया है, किसान अब घर बैठे ऑनलाइन टोकन कटवा सकते है। जिससे किसानों में उत्साह है और वे घर बैठे अब टोकन प्राप्त कर रहे है। धरमजयगढ़ के खरीदी केन्द्र में धान बेचने आये किसानों का उपार्जन केन्द्र में तिलक लगाकर स्वागत किया गया। यहां किसानों में भी भारी उत्साह देखने को मिला। धान बेचने आये किसानों ने कहा हमें यहां किसी प्रकार की कोई तकलीफ नहीं हुई, खरीदी केन्द्र में अच्छी व्यवस्था है। रायगढ़ ब्लॉक के ग्राम



जुर्डा निवासी मोती राम पटेल ने बताया कि उन्होंने 20 क्विंटल धान विक्रय किया है। उन्होंने बताया कि समिति के माध्यम से टोकन काटा गया, खरीदी में किसी प्रकार की समस्या नहीं हुई। धान विक्रय का पैसा भी अकाउंट में आ चुका है।

समिति प्रबंधकों का कहना है कि इस वर्ष धान की फसल कटाई पिछडऩे के कारण धान खरीदी केन्द्रों में धान की आवक अपेक्षाकृत कम देखने को मिल रही है। वहीं आगामी दिनों फसल कटाई पश्चात धान में तेजी होगी।

## मुख्यमंत्री ने खारून नदी के महादेव घाट में किया कार्तिक पूर्णिमा स्नान

- पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की
- शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की संस्कृति को आगे बढ़ाने का लगातार हो रहा काम : मुख्यमंत्री भूपेश बघेल



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज कार्तिक पुन्नी के अवसर पर प्रात: रायपुर के महादेव घाट पहुंचकर खारून नदी में कार्तिक पूर्णिमा स्नान कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सभी प्रदेशवासियों को कार्तिक पुन्नी मेला की बधाई और शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारे यहां धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक परंपरा का निर्वहन किया जाता है। पुन्नी मेला के अवसर पर आज यहां आसपास के सभी गांव के लोग आते हैं। पुन्नी मेला हमारी प्राचीन परंपरा है, हमारे छत्तीसगढ़ के गांव, शहरों की परंपरा का हिस्सा है। कार्तिक माह में सुबह का स्नान और शिवजी पर जल चढ़ाने की परंपरा रही है, आज से गांवों के घाटों में मेले का आयोजन शुरू हो जाता है। उन्होंने कहा कि आज प्रकाश पर्व का शुभ दिन भी है, गुरुनानक जी की जयंती है, जिनका छत्तीसगढ़ से पुराना नाता रहा है, उनके जुड़ाव के स्थल महासमुंद जिले के गढफ़ुलझर को हमने पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित करने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि पिछले साल खारुन नदी के घाट के विकास की घोषणा की थी, अब बजट में प्रावधान के साथ घाट के विकास का काम शुरू हो जाएगा। हमारे प्रदेश में किसान भाई धान कटाई की शुरुआत कर चुके हैं। एक नवंबर से धान की खरीदी भी शुरू हो चुकी है, किसान भाई समर्थन मूल्य में धान बेच रहे हैं और समय पर उन्हें भुगतान भी हो रहा है। दिवाली के पहले हमने राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किश्त भी दे दी है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा को सहेजने के उद्देश्य से हाल ही में हमने राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन भी राज्योत्सव के अवसर पर किया। हम शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के साथ साथ अपनी संस्कृति के संरक्षण और उसके विकास के लिए भी लगातार काम कर रहे हैं। जिसमे प्रदेश की जनता की भागीदारी है।

इस अवसर पर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत राम सुंदर दास, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, रायपुर नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480